भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1034**
उत्तर देने की तारीख 02.12.2024

**राष्ट्रीय संस्कृति निधि के अंतर्गत परियोजनाएं**

1034. **श्री कृष्ण प्रसाद टेन्नेटी :**

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में विगत पांच वर्षों के दौरान राष्ट्रीय संस्कृति निधि के अंतर्गत वर्तमान में सहायता प्राप्त परियोजनाओं की कुल राज्य–वार, विशेषकर आन्ध्र प्रदेश और बापतला संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान राष्ट्रीय संस्कृति निधि को प्राप्त और उसके द्वारा उपयोग की गई कुल निधि का राज्य-वार, विशेषकर आन्ध्र प्रदेश और बापतला संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में, ब्यौरा क्या है;

(ग) वर्तमान में राष्ट्रीय संस्कृति निधि के पास लंबित प्रस्तावों की कुल संख्या का राज्य-वार, विशेषकर आन्ध्र प्रदेश और बापतला संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में, ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने लंबित प्रस्तावों को कुशलतापूर्वक और शीघ्रता से निपटाने के लिए कोई पहल की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसे पूरा करने की प्रस्तावित समय-सीमा क्या है; और

(ड.) क्या सरकार ने राष्ट्रीय संस्कृति निधि के संबंध में जागरूकता बढ़ाने के लिए कोई संवर्धनात्मक कार्यकलाप/अभियान चलाए हैं?

**उत्तर**

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ग): वर्तमान में, राष्ट्रीय संस्कृति निधि के अंतर्गत सहायता प्राप्त/जारी परियोजनाओं की कुल संख्या का ब्यौरा **अनुलग्नक-I** पर दिया गया है।

इन परियोजनाओं की अवधि सामान्यतः एक वर्ष से पांच वर्षों तक की होती है। देश में विगत पांच वर्षों के दौरान राष्ट्रीय संस्कृति निधि द्वारा प्राप्त और उपयोग की गई कुल धनराशि का राज्य-वार ब्यौरा **अनुलग्नक-II** पर संलग्न है।

राष्ट्रीय संस्कृति निधि के अंतर्गत विगत पांच वर्षों में बापतला संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कोई परियोजना शुरू नहीं की गई/ लंबित नहीं है।

(घ): सरकार समय-समय पर परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करती है। इस संबंध में, प्रत्येक परियोजना के लिए सभी हितधारकों को शामिल करते हुए, परियोजना कार्यान्वयन समिति (पीआईसी) का गठन किया जाता है, जो परियोजनाओं को कुशलतापूर्वक और शीघ्रता से पूरा करने के लिए नियमित रूप से बैठकें आयोजित करती है।

(ड.): जी हां, एनसीएफ से संबंधित सूचना पहले से ही संस्कृति मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। सूचना और प्रचार-प्रसार करने के लिए एनसीएफ की अपनी वेबसाइट और अन्य सोशल मीडिया मंच हैं। एनसीएफ, जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रचारात्मक कार्यकलाप करता है। हाल ही में सितंबर, 2024 माह में एनसीएफ ने ''सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से संवहनीय विरासत'' पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया, जिसमें न केवल संपूर्ण भारत से विरासत विशेषज्ञ/पेशेवर, अपितु कॉलेज के छात्र, शोधकर्ता तथा यूनेस्को (दिल्ली) के अधिकारी भी शामिल हुए। संगोष्ठी के माध्यम से एनसीएफ की प्रक्रिया, उद्देश्य तथा कार्य-क्षेत्र से संबंधित जानकारी प्रसारित करने का प्रयास किया गया। इसके साथ ही, एनसीएफ ने नई दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय सीएसआर कार्यक्रम में प्रसार और जागरूकता के लिए स्टॉल लगाया जिसमें सीएसआर कार्यकलापों में कार्यरत 1000 से अधिक संगठनों ने भाग लिया।

****

**अनुलग्नक-I**

**'राष्ट्रीय संस्कृति निधि' के संबंध में दिनांक 2 दिसम्बर, 2024 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1034 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

| क्र. सं. | दानदाता | परियोजना का विवरण |
|---|---|---|
| | **असम** | |
| 1 | तेल और प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड (ओएनजीसी) | असम के अहोम स्मारकों का संरक्षण, असम |
| | **बिहार** | |
| 1 | नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनटीपीसी) | विक्रमशिला, बिहार में उत्खनित अवशेषों का संरक्षण और विकास |
| 2 | सेल-बोकारो स्टील प्लांट | लौरिया नंदन गढ़, चंकी गढ़ और रामपुर्वा में अवसंरचना सुविधाओं का विकास |
| | **छत्तीसगढ़** | |
| 1 | भिलाई स्टील प्लांट | देवबलोदा, छतीसगढ़ में राष्ट्रीय विरासत स्थल का जीर्णोद्धार और विकास |
| | **दिल्ली** | |
| 1 | एपीजे सुरेन्द्र होटल्स लिमिटेड | जंतर-मंतर, नई दिल्ली का संरक्षण और संवर्धन |
| 2. | भारतीय स्टेट बैंक, मुंबई | आत्मनिर्भर भारत परियोजना (एबीसीडी परियोजना) |
| 3. | इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल) | हुमायूं मकबरा, पुराना किला, कुतुब मीनार में टर्नस्टाइल प्रणाली का अधिष्ठापन |
| | **हिमाचल प्रदेश** | |
| 1. | यूको बैंक, चण्डीगढ़ | हिडिम्बा देवी मंदिर, हिमाचल प्रदेश |
| | **कर्नाटक** | |
| 1. | भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण | कमलापुर, कर्नाटक के एएसआई हम्पी संग्रहालय का डिजिटल स्तरोन्नयन |
| 2. | श्रीमती नागरत्नम्मा | श्री लक्ष्मी नरसिंहा मंदिर नुग्गेहल्ली, बेंगलुरु, कर्नाटक हेतु संरक्षण कार्य और पर्यटक सुविधाएं प्रदान करना |
| | **मध्य प्रदेश** | |
| 1. | इंफोसिस फाउंडेशन | विष्णु मंदिर, बटेश्वर, मध्य प्रदेश का संरक्षण |
| 2. | बख्तरबंद वाहन निगम लिमिटेड | सोमनाथ मंदिर और बडगांव के खंडहरों का विकासात्मक कार्यकलाप |
| | **महाराष्ट्र** | |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पुणे नगर निगम | शनिवारवाड़ा पैलेस, पुणे के आस-पास के वातावरण को जीवंत बनाना और भव्यता को पुन: सृजित करना |
| 2. | इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल) | टर्नस्टाइल प्रणाली (बीबी-का-मकबरा, एलौरा गुफाएं, शनिवारवाड़ा) का अधिष्ठापन |
| **ओडिशा** | | |
| 1. | बख्तरबंद वाहन निगम लिमिटेड | सूर्य मंदिर, कोणार्क, जिला-पुरी, ओडिशा में स्मार्ट शौचालय, बाल देखभाल कक्ष, वरिष्ठ नागरिकों के लिए आराम कक्ष (रेस्ट रूम) जैसी जन सुविधाएं उपलब्ध कराना |
| 2. | इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल) | सूर्य मंदिर में टर्नस्टाइल प्रणाली का संस्थापन |
| **तमिलनाडु** | | |
| 1. | बख्तरबंद वाहन निगम लिमिटेड | बृहदेश्वर मंदिर, तंजावुर, तमिलनाडु की प्रहार भित्ति और प्रवेशद्वार क्षेत्र के बाहरी भाग में प्रदीप्तिकरण का विस्तार |
| **उत्तर प्रदेश** | | |
| 1. | वोंग समूह | धामेख स्तूप, सारनाथ और महापरिनिर्वाण मंदिर, कुशीनगर का परिरक्षण |
| 2. | इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल) | ताज महल में टर्नस्टाइल प्रणाली का अधिष्ठापन |

*****

**अनुलग्नक-II**

**'राष्ट्रीय संस्कृति कोष' के संबंध में दिनांक 2 दिसम्बर, 2024 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1034 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

| क्र. सं. | दानदाता | परियोजना का विवरण | विगत पांच वर्षों में विशिष्ट परियोजना हेतु प्राप्त निधियां (लाख रु. में) | विगत पांच वर्षों में प्रयुक्त निधियां (लाख रु. में) |
|---|---|---|---|---|
| | **असम** | | | |
| 1 | तेल और प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड (ओएनजीसी) | असम के अहोम स्मारकों का संरक्षण | * | 221.00 |
| | | **कुल** | | **221.00** |
| | **बिहार** | | | |
| 1 | नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनटीपीसी) | विक्रमशिला, बिहार में उत्खनित अवशेषों का संरक्षण और विकास | * | 14.50 |
| 2 | राष्ट्रीय संस्कृति निधि | बिहार के नालंदा स्थल संग्रहालय के लिए डीपीआर तैयार करना | | 24.80 |
| | | **कुल** | | **39.30** |
| | **छत्तीसगढ़** | | | |
| 1 | भिलाई स्टील प्लांट | देवबलोदा, छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय विरासत स्थल का जीर्णोद्धार और विकास | 283.70 | 150.86 |
| | | **कुल** | | **150.86** |
| | **दिल्ली** | | | |
| 1 | एपीजे सुरेन्द्र होटल्स लिमिटेड | जंतर-मंतर, नई दिल्ली का संरक्षण और संवर्धन | * | 7.20 |
| 2. | भारतीय स्टेट बैंक, मुंबई | आत्मनिर्भर भारत परियोजना (एबीसीडी परियोजना) | 1000.00 | 380.00 |
| 3. | एनसीएफ द्वारा वित्तपोषित | बड़ की चौकी (दिल्ली में ''बड़ की चौकी'' का जीर्णोद्धार और संरक्षण) | | 14.63 |
| 4. | एनसीएफ द्वारा वित्तपोषित | द लेजेंड्स ऑफ ज्योतिर्लिंगम- सुनैना (भारत की राष्ट्रीय कलाओं के उत्थान हेतु सोसाइटी) दिल्ली | | 30.00 |
| 5. | इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर | हुमायूं मकबरा, पुराना किला, कुतुब | * | 43.19 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल) | मीनार में टर्नस्टाइल प्रणाली का अधिष्ठापन | | |
| | | **कुल** | | **475.02** |
| | **गुजरात** | | | |
| 1. | ग्रामीण विद्युतीकरण निगम (आरईसी) | गुजरात में शिल्प और सतत कौशल विकास (सेल्फ एम्पलॉइड वुमेंस एसोसिएशन-एसईडब्ल्यूए) | * | 2.41 |
| 2. | राष्ट्रीय संस्कृति निधि | राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर की स्थापना | | 1500.00 |
| 3. | इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल) | रानी की वाव में घुमावदार प्रवेशद्वार लगाना | * | 33.00 |
| | | **कुल** | | **1535.41** |
| | **हिमाचल प्रदेश** | | | |
| 1. | यूको बैंक, चण्डीगढ़ | हिडिम्बा देवी मंदिर, हिमाचल प्रदेश | * | 9.25 |
| | | **कुल** | | 9.25 |
| | **कर्नाटक** | | | |
| 1. | भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण | कमलापुर, कर्नाटक के एएसआई हम्पी संग्रहालय का डिजिटल स्तरोन्नयन | 292.80 | 280.30 |
| 2. | श्रीमती नागरत्नम्मा | श्री लक्ष्मी नरसिंहा मंदिर नुग्गेहल्ली, बेंगलुरु, कर्नाटक हेतु संरक्षण कार्य और पर्यटक सुविधाएं प्रदान करना | 110.00 | 110.00 |
| 3. | एनसीएफ द्वारा वित्तपोषित | संस्कृति फाउंडेशन<br>64 कलाओं (चतु:षष्ठी कला) का वास्तविक और आलोचनात्मक अध्ययन तथा प्रस्तुतिकरण जिनसे मिलकर भारतीय सांस्कृतिक विरासत की नींव का निर्माण हुआ है। | | 18.90 |
| 4. | एनसीएफ द्वारा वित्तपोषित | संस्कृति फाउंडेशन<br>16 संस्कारों पर एक व्यापक मोनोग्राफ और भारत की 64 कलाओं का एक लघु-विश्वकोश संस्करण प्रकाशित करना | | 7.12 |
| | | **कुल** | | 416.32 |
| | **मध्य प्रदेश** | | | |
| 1. | इंफोसिस फाउंडेशन | विष्णु मंदिर, बटेश्वर, मध्य प्रदेश का संरक्षण | 300.00 | 190.00 |
| 2. | बख्तरबंद वाहन निगम लिमिटेड | सोमनाथ मंदिर और बडगांव के खंडहरों का विकासात्मक कार्यकलाप | 12.00 | 11.40 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | कुल | | 201.40 |
| | **महाराष्ट्र** | | | |
| 1. | पुणे नगर निगम | शनिवारवाड़ा पैलेस, पुणे के आस-पास के वातावरण को जीवंत बनाना और भव्यता को पुन: सृजित करना | * | 1.01 |
| 2. | राजा दिनकर केलकर संग्रहालय, पुणे | नए संग्रहालय का निर्माण | * | 6.63 |
| 3. | श्रीमती उत्तरादेवी चैरिटेबल एण्ड रिसर्च फाउंडेशन | श्री भुल्लेश्वर मंदिर का पुनरोद्धार | 20.00 | 9.12 |
| 4. | इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल) | टर्नस्टाइल प्रणाली (बीबी-का-मकबरा, एलौरा गुफाएं, शनिवारवाड़ा) का अधिष्ठापन | * | 43.32 |
| | | **कुल** | | 60.08 |
| | **ओडिशा** | | | |
| 1. | बख्तरबंद वाहन निगम लिमिटेड | सूर्य मंदिर, कोणार्क, जिला-पुरी, ओडिशा में स्मार्ट शौचालय, बाल देखभाल कक्ष, वरिष्ठ नागरिकों के लिए आराम कक्ष (रेस्ट रूम) जैसी जन सुविधाएं उपलब्ध कराना | 14.95 | 14.20 |
| 2. | इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल) | सूर्य मंदिर में टर्नस्टाइल प्रणाली का संस्थापन | * | 23.32 |
| | | कुल | | **37.52** |
| | **राजस्थान** | | | |
| 1. | विश्व स्मारक कोष/एएसआई | जैसलमेर किला, राजस्थान (एसएमपी के लिए) | * | 17.29 |
| 2. | एनसीएफ द्वारा वित्तपोषित | रेख्ता फाउंडेशन (राजस्थान की मौखिक परंपराओं के परिरक्षण में कार्यरत) | | 32.80 |
| | | कुल | | 50.09 |
| | **तमिलनाडु** | | | |
| 1. | बख्तरबंद वाहन निगम लिमिटेड | बृहदेश्वर मंदिर, तंजावुर, तमिलनाडु की प्रहार भित्ति और प्रवेशद्वार क्षेत्र के बाहरी भाग में प्रदीप्तिकरण का विस्तार | 6.88 | 6.54 |
| | | **कुल** | | 6.54 |
| | **तेलंगाना** | | | |
| 1. | इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी | राष्ट्रपति निलयम, हैदराबाद, तेलंगाना में 120 फीट ऊंचे ध्वज स्तम्भ की | * | 275.00 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | लिमिटेड (आईआईएफसीएल) | प्रतिकृति लगाना | | |
| | | **कुल** | | 275.00 |
| | **उत्तर प्रदेश** | | | |
| 1. | सोनी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड | सारनाथ स्थल और संग्रहालय, उत्तर प्रदेश का स्तरोन्नयन | * | 118.81 |
| 2. | इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल) | ताज महल में टर्नस्टाइल प्रणाली का स्तरोन्नयन | * | 52.76 |
| | | **कुल** | | 171.57 |
| | **पश्चिम बंगाल** | | | |
| 1. | चिल्ड्रेन्स एकेडमी ऑफ कल्चर, दुर्गापुर | मंच कला प्रशिक्षण केंद्र, बच्चों के लिए कला दीर्घाएं, संग्रहालय, सभागार | * | 1.59 |
| | | **कुल** | | 1.59 |

* इन परियोजनाओं के लिए निधियां पाँच वर्ष से पहले प्राप्त हुई थीं, लेकिन उनका उपयोग पिछले पाँच वर्षों में किया गया है, जैसा कि दर्शाया गया है।